नाम न्यायालय

केस संख्या

| क्रम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से |
|---|---|---|
| | | रिपोर्ट बाबत खा.नं. पेश किया। रिपोर्ट शामिल मिसल किया गया तथा एक प्रति वकील प्रतिवादी को दिलवाई गई। पत्रावली की आगामी पेशी पर बहस आपत्ति वा.पत्र आवश्यक रूप से करें। पत्रावली दिनांक 26/3/24 को पेश हो। [हस्ताक्षर] उप खण्ड अधिकारी जमवारामगढ़ |
| | 26/03/24 | पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उप०। प्रतिवादीगणों की ओर से आपत्ति का जवाब पेश किया। जो शामिल मिसल रहे। प्राप्त आपत्ति पर बहस हेतु पत्रावली दिनांक 30/04/24 को पेश हो। [हस्ताक्षर] उप खण्ड अधिकारी जमवारामगढ़ |
| | 30/4/24 | पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उप०। वकील उभय पक्षों की बहस आपत्ति पर सुनी गई। पत्रावली आदेश हेतु दिनांक 2/5/24 को पेश हो। [हस्ताक्षर] उप खण्ड अधिकारी जमवारामगढ़ |
| | 2/5/24 | पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उप०। वकील उभय पक्षों की बहस जारी |

# फर्द अहकाम

धर्मपाल बनाम काना व अन्य

नाम न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ़

केस संख्या 80/2022

| क्रम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| | | कुरैफात रिपोर्ट पर कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी। पत्रावली का अवलोकन किया गया अतः पत्रावली आपत्ति की दाखिल की जाती है। अहलकार की रिपोर्ट कुरैफात को स्वीकार करने का निर्णय लिया जाता। वादी का वाद अन्तर्गत धारा 53, 188 राज० काश्तकारी अधि० को आंशिक रूप से स्वीकार किया जाता है तथा मुताबिक कुरैफात के वादी के वाद को तकासमा हेतु निर्णित किया जाता है। विस्तृत निर्णय व डिक्री पर्चा पृथक से लिखा जाकर शामिल मिसल किया गया। निर्णय आज खुले इजलास में सुनाया गया।<br>पत्रावली कैफियत दुरुस्त होकर नतीजा दर्ज रजिस्टर होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>जमवारामगढ़ | |

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जमवारामगढ़, जिला जयपुर ग्रामीण
## पीठासीन अधिकारी : श्री ललित मीना RAS

| मिसल नं. | तारीख दायर | तारीख फैसला |
|---|---|---|
| 80 / 2022 | 06 / 06 / 2022 | 02 / 05 / 2024 |

1. डालूराम पुत्र शंकर जाति कोली निवासी ग्राम पालडी खुर्द, तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर पुलिस थाना जमवारामगढ(राजस्थान)।

**वादी**

**बनाम**

1. काना पुत्र हुक्मा जाति कोली
2. प्रभू दयाल पुत्र दल्ला जाति कोली
3. बिरदा पुत्र हुक्मा जाति कोली
4. मन्नी पत्नी स्व0 दल्ला जाति कोली
5. रामसहाय पुत्र दल्ला जाति कोली
6. श्यामलाल पुत्र दल्ला
   समस्त जाति कोली, निवासीगण ग्राम पालडी खुर्द, तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर पुलिस थाना जमवारामगढ (राजस्थान)।
7. तहसीलदार जमवारामगढ जिला जयपुर (राजस्थान)।
8. राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार लैण्ड होल्डर, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर (राजस्थान)।

**प्रतिवादीगण**

उपस्थित अभिभावक
श्री अरविन्द शर्मा :– वकील वादी
श्री रमेश कुमार जाजोरिया :– वकील प्रतिवादी सं0 1 ता 3 व 5, 6

**दावा बाबत बटंवारा, स्थाई निषेधाज्ञा**

**अन्तर्गत धारा–53, 188 आर0टी0एक्ट**

**–: निर्णय :–**

वादी की ओर से एड0 श्री अरविन्द शर्मा ने यह वाद विरूद्ध प्रतिवादीगण इस कथन के साथ पेश किया कि ग्राम पालडी खुर्द, तहसील जमवारामगढ में स्थित वादग्रस्त आराजियात खसरा नम्बर 166, 167 भूमियां है। जिनका वादी संयुक्त खातेदार है जिसका अभी तक विधिक बंटवारा नही हुआ है। वादी विरूद्ध प्रतिवादीगण तकासमा डिक्री किया जाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज हिस्से अनुसार वादिया का पर्चा लगान पृथक से कायम करवाया जावें। प्रकरण में विधिवत सुनवाई करते हुए दिनांक 05.01.2023 को प्राथमिक डिक्री किया गया। जिसकी पालना में तहसीलदार जमवारामगढ ने अपने पत्रांक/एल0आर0/2024/258 दिनांक 01.02.2024 द्वारा कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार कर पेश की। प्राप्त कुर्रेजात रिपोर्ट पर वकील प्रतिवादी ने आपत्ति पेश की। जिस पर विधिवत सुनवाई की गई तथा वकील उभय पक्षों की बहस आपत्ति पर सुनी गई। आपत्ति कुर्रेजात खारिज की गई। वकील वादी ने कुर्रेजात स्वीकार करने में सहमति जाहिर की। बहस सुनी जाकर निर्णय किया गया।

पत्रावली का अद्योपान अवलोकन किया गया। भूमिधारी तहसीलदार जमवारामगढ के द्वारा प्रस्तुत बटवारा प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। भूमिधारी तहसीलदार

उप खण्ड अधिकारी
जमवारामगढ

जमवारामगढ़ ने बटवारा हिस्से अनुसार किया। अतः वादी का वाद अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम को अन्तिम रूप से स्वीकार किया जाकर ग्राम पालडी खुर्द, तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर में स्थित निम्नांकित आराजियात का तकासमा किया जाकर वादी एवं प्रतिवादीगण के मध्य मुताबिक बटवारा रिपोर्ट के निम्नानुसार विभाजन किया जाता है। उसी मुताबिक इन्हे खातेदार तन्हा घोषित किया जाता है।

## —: वर्तमान जमाबन्दी अनुसार :—

| खाता संख्या | वर्तमान जमाबन्दी अनुसार | आराजी नम्बर | रकबा है0 | किस्म | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काना पि0 हुक्मा 1/8, डालूराम पि0 शंकर 1/4 रहन पीएनबी शाखा खवारानीजी, प्रभूदयाल पुत्र दल्ला 1/8, बिरदा पि0 हुक्मा 1/8, मन्नी पत्नि स्व0दल्ला 1/8, रामधन पि0 दल्ला 1/8, श्यामलाल पि0 दल्ला 1/8 जाति कोली सा0देह खातेदार | 166<br>167 | 0.0253<br>5.1212 | आबादी<br>गै0मु0<br>चाही 1—<br>जाव<br>नहरी 1<br>नहरी 2<br>बंजड 1<br>बंजड 2<br>बंजड डोल | 0.0253<br>0.2403<br>1.7324<br>0.6702<br>1.1886<br>0.1770<br>0.9357<br>0.0632<br>0.1138 |
| | | किता 2 | 5.1465 | 5.1465 | |

## —: प्रस्तावित :—

| खाता संख्या | प्रस्तावित | आराजी नम्बर | है0 | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डालूराम पि0 शंकर जाति कोली सा0देह खातेदार रहन पीएनबी शाखा खवारानीजी | 167/1<br>167/9<br>167/3<br>167/7 | 0.18<br>0.47<br>0.28<br>0.32 | — |
| | योग | किता 4 | 1.25 | — |
| 2 | काना पि0 हुक्मा 1/6, बिरदा पि0 हुक्मा 1/6, प्रभूदयाल, रामधन, श्यामलाल पि0 दल्ला, मन्नी पत्नि दल्ला 2/3 जाति कोली सा0देह खातेदार | 167/2<br>167/6<br>167/8 | 0.40<br>1.60<br>1.75 | — |
| | योग | किता 3 | 3.75 | — |
| 3 | शामलाती | 167/4<br>167/5<br>166 | 0.0212<br>0.10<br>0.0253 | — |
| | योग | किता 3 | 0.1465 | — |

उपरोक्त विभाजन अनुसार वर्तमान राजस्व रिकार्ड में अलग—अलग खाते दर्ज अंकित की जावे, साथ ही वादी एवं प्रतिवादीगण को हुक्म इक्तिनाइ दवामी से पाबन्द किया जाता है कि वादी एवं प्रतिवादीगण के हिस्से मे आई आराजीयात में किसी प्रकार से कब्जे में दखल अंदाजी नहीं करें। नक्शा ट्रेस प्रमाणित किया गया। अन्तिम पर्चा डिक्री जारी है।

निर्णय आज दिनांक 02/05/2024 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ

डिक्री मुकदमा इबताई

(रूल्स 18–21)

अज अदालत न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ जिला जयपुर

डालूराम बनाम कानाराम वगै0

**वाद अन्तर्गत धारा–53, 188 बटंवारा एवं स्थाई निषेधाज्ञा रा0टी0एक्ट**

**मुकदमा नम्बर –** 80/2022

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिलाल कतई रूबरू श्री ललित मीना बहाजिरी श्री अरविन्द शर्मा अधिवक्ता वादी व श्री रमेश कुमार जाजोरिया अधिवक्ता प्रतिवादी सं0 1 ता 3 व 5, 6 पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि वादी का वाद अन्तिम रूप से स्वीकार किया जाता है कि ग्राम पालडी खुर्द, तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर में स्थित निम्नांकित आराजियात खसरा का तकासमा किया जाकर वादी एवं प्रतिवादीगण के मध्य मुताबिक बटवारा रिपोर्ट के निम्नानुसार विभाजन किया जाता है। उसी मुताबिक इन्हे खातेदार तन्हा घोषित किया जाता है।

## –: वर्तमान जमाबन्दी अनुसार :–

| खाता संख्या | वर्तमान जमाबन्दी अनुसार | आराजी नम्बर | रकबा है0 | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | काना पि0 हुक्मा 1/8, डालूराम पि0 शंकर 1/4 रहन पीएनबी शाखा खवारानीजी, प्रभूदयाल पुत्र दल्ला 1/8, बिरदा पि0 हुक्मा 1/8, मन्नी पत्नि स्व0दल्ला 1/8, रामधन पि0 दल्ला 1/8, श्यामलाल पि0 दल्ला 1/8 जाति कोली सा0देह खातेदार | 166<br>167 | 0.0253<br>5.1212 | आबादी 0.0253<br>गै0मु0 0.2403<br>चाही 1– 1.7324<br>जाव 0.6702<br>नहरी 1 1.1886<br>नहरी 2 0.1770<br>बंजड 1 0.9357<br>बंजड 2 0.0632<br>बंजड डोल 0.1138 |
| | | किता 2 | 5.1465 | 5.1465 |

## –: प्रस्तावित :–

| खाता संख्या | प्रस्तावित | आराजी नम्बर | है0 | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डालूराम पि0 शंकर जाति कोली सा0देह खातेदार रहन पीएनबी शाखा खवारानीजी | 167/1<br>167/9<br>167/3<br>167/7 | 0.18<br>0.47<br>0.28<br>0.32 | – |
| | योग | किता 4 | 1.25 | – |
| 2 | काना पि0 हुक्मा 1/6, बिरदा पि0 हुक्मा 1/6, प्रभूदयाल, रामधन, श्यामलाल पि0 दल्ला, मन्नी पत्नि दल्ला 2/3 जाति कोली सा0देह खातेदार | 167/2<br>167/6<br>167/8 | 0.40<br>1.60<br>1.75 | – |
| | योग | किता 3 | 3.75 | – |
| 3 | शामलाती | 167/4<br>167/5<br>166 | 0.0212<br>0.10<br>0.0253 | – |
| | योग | किता 3 | 0.1465 | – |

उप खण्ड अधिकारी
जमवारामगढ

उपरोक्त विभाजन अनुसार वर्तमान रेवन्यू रिकार्ड में अलग–अलग खाते दर्ज अंकित की जावे, साथ ही वादी एवं प्रतिवादीगण को हुक्म इक्तिनाइ दवामी से पाबन्द किया जाता है कि वादी एवं प्रतिवादीगण के हिस्से मे आई आराजीयात में किसी प्रकार से कब्जे में दखल अंदाजी नहीं करें। नक्शा ट्रेस प्रमाणित किया गया।

मेरे दस्तखत एवं मोहर से पर्चा डिकी आज दिनांक 02/05/2024 को जारी की गई।

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ

| मिलान स्टाप अर्जी दावा | | | स्टाम्प अर्जी दावा | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुदई | रुपये | पैसे | मुदालयह | रुपये | पैसे |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वजूह सबुत | | | स्टाम्प वजूह सबुत | | |
| महन्तानावकील | | | महन्तानावकील | | |
| खर्चा गवाहान | | | खर्चा गवाहान | | |
| बबत्हजराय हुक्मनामा | | | बबत्हजराय हुक्मनामा | | |
| मुत0 | | | मुत0 | | |
| मिलान | | | मिलान | | |

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ